# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# फरवरी, 2025

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**
राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी (प्रत्येक माह)
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
**visit us at : www.sanjivprakashan.com**

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी फरवरी , 2025 (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 February, 2025

- **हाल ही में एलन मस्क को वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कर के लिए नामित किय गया है। यह नामांकन अभिव्यक्ति की आजादी और शांति के मौलिक मानवाधिकार में एलन मस्क के योगदान को मान्यता देने के लिए है।**
- **उज्जैन के किसान ने हड़प्पाकालीन गेहूँ उगाया–**

उज्जैन के एक-किसान ने पहली बार हड़प्पाकालीन (लगभग 2500 वर्ष पूर्व) प्रजाति के गेहूँ को मालवा की भूमि पर उगाया है। सोना-मोती के नाम से पहचानी जाने वाली गेहूँ की इस किस्म की खासियत यह है कि यह लंबे नहीं होकर गोल होते हैं और इसमें पोषक तत्त्वों की मात्रा भी भरपूर होती है। सोना-मोती गेहूँ को घट्टिया तहसील के ग्राम पिपल्याहामा के प्रगतिशील किसान चौहान ने 4 बीघा खेत में बोया है। किसान के मुताबिक इस गेहूँ की पैदावार 15 क्विंटल प्रति एकड़ तक हो जाती है।

**कैसे मिला गेहूँ.....**

पुरातात्विक खुदाई में 169 फीट लंबा और 135 फीट चौड़ा अनाज भंडारगृह मिला था, उसमें हड़प्पाकाल के गेहूँ के अवशेष मिले। इनका संवर्धन कर जैविक संस्था के जरिए किसानों को उपलबध करवाया है।

उल्लेखनीय है कि **सोना-मोती** गेहूँ में सामान्य गेहूँ के मुकाबले 3 गुना अधिक फोलिक एसिड एवं 267% अधिक खनिज और 40 प्रतिशत अधिक प्रोटीन पाया जाता है। फोलिक एसिड की कमी के कारण असमय बालों का सफेद होना तथा मुँह में छाले और जीभ में सूजन होने लगते हैं, वहीं इस गेहूँ में ग्लूटेन की मात्रा कम होती है।

- **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया; सर्वेक्षण में भारत की वित्त वर्ष 2025-26 की जीडीपी वृद्धि 6.3% से 6.8% के बीच रहने का अनुमान–**

**आर्थिक सर्वे; जीडीपी 6.3% से 6.8% रहेगी, हर साल औसतन 78.5 लाख रोजगार पैदा होंगे....**

वित्त मत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक सर्वे 2024-25 पेश किया। यह सर्वे देश की अर्थव्यवस्था का पूरा खाका पेश करता है। इसमें बीते वित्त वर्ष के जीडीपी, रोजगार, महंगाई और बजट घाटे जैसे कई महत्त्वपूर्ण आंकड़े होते हैं। सर्वेक्षण में भारत की वित्त वर्ष 2025-26 की जीडीपी वृद्धि 6.3-6.8% के बीच रहने की उम्मीद जताई गई है। 2024-25 के आर्थिक सर्वेक्षण में शिक्षा को देश की प्रगति के आठ प्रमुख स्तंभों में से एक बताते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप 'भारत को वैश्विक ज्ञान की महाशक्ति' बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

सर्वेक्षण में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया है। हफ्ते में 70-90 घंटे काम करने पर बहस के बीच कहा गया कि हफ्ते में 60 घंटे से अधिक काम करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। डेस्क पर लंबे समय तक काम करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और जो व्यक्ति डेस्क पर (प्रतिदिन) 12 या उससे अधिक घंटे बिताते हैं, उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब या संघर्षपूर्ण होता है।

1. **जीडीपी–**वर्ष 2025-26 में रियल जीडीपी ग्रोथ 6.3 से 6.8% रहने का अनुमान। 2024-25 में 6.4% रह सकती है, जो 4 साल में सबसे कम। 2023-24 में 8.4% थी।
2. **रोजगार–**साल 2030 तक गैर-कृषि क्षेत्र में सालाना औसतन 78.5 लाख रोजगार पैदा होंगे। सर्विस सेक्टर के साथ अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार बढ़ाने की कोशिश होगी।
3. **महँगाई–**2024-25 के अप्रैल-दिसंबर में औसतन महंगाई कम होकर 4.9% पर आ गई। 2023-24 में 5.4% थी। चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में खाद्य महंगाई कम रहेगी।
4. **पीएम आवास–**इस योजना में 89 लाख से अधिक घर बन चुके हैं। सरकार ने रियल एस्टेट एक्ट 2026 बनाया, जिससे लाखों लोगों की शिकायतें निपटाई गईं।
5. **हाईवे-जल मिशन–**
   - 2024-25 में अप्रैल से दिसंबर में 5,853 किमी. नेशनल हाईवे बनाए गए।
   - जल जीवन मिशन में 12 करोड़ घरों को पाइप से पीने का पानी मिला।
6. **ट्रेन नेटवर्क–**अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच 2031 किमी रेल नेटवर्क चालू किया। इस दौरान वंदे भारत ट्रेनों के 17 नए पेयर शुरू किए गए।
7. **कृषि क्षेत्र–**अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच 3.5% ग्रोथ रेट। ड्रोन व बेहतर क्वालिटी के बीज से पैदावार बढ़ी। पीएम किसान जैसी सरकारी योजानाओं से भी लाभ।

8. **सर्विस सेक्टर–**अप्रैल से सितंबर 2024 में 29.8 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया। सर्वाधिक 5.7 अरब डॉलर सर्विस सेक्टर में यानी ज्यादा संभावनाएँ।
9. **ईवी–**सर्वे में कहा गया है, इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर कर छूट और सब्सिडी लोगों को कम कार्बन उत्सर्जन वाली जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर सकती है।
10. **सरकारी खर्च–**2024-25 में 38% की दर से बढ़ा। 2020 से 2024 के बीच 38.8% था। 2024-25 में घटा है, लेकिन चुनाव के बाद जुलाई-नवंबर में बढ़ा।

## Newspaper of 2 February, 2025

■ **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में बजट पेश किया–**

1 फरवरी, 2025 को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में बजट पेश किया। बजट 2025-26 की प्रमख घोषणाएँ–

- केन्द्रीय बजट में रेखांकित कया गया है कि **कृषि, एसएसएमई, निवेश और निर्यात** विकसित भारत की यात्रा के ईंजन हैं। इसमें सुधार को ईंधन के रूप में और समावेशिता की भावना को पथप्रदर्शक के रूप में रखा गया है।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई टैक्स प्रणाली में करमुक्त आय 12 लाख रु. करने का ऐलान किया तथा इसमें 75000 स्टैण्डर्ड डिडक्शन अतिरिक्त है। (कुल 12.75 लाख आय कर मुक्त होगी)।

  नई टैक्स प्रणाली में स्लैब निम्न प्रकार रखे गए हैं—

| पूर्व में (2024-25) | | वर्तमान में (2025-26) | |
|---|---|---|---|
| **इनकम स्लैब** | **टैक्स** | **इनकम स्लैब** | **टैक्स** |
| 0-3 लाख | शून्य | 0-4 लाख | शून्य |
| 3-7 लाख | 5% | 4-8 लाख | 5% |
| 7-10 लाख | 10% | 8-12 लाख | 10% |
| 10-12 लाख | 15% | 12-16 लाख | 13% |
| 12-15 लाख | 20% | 16-20 लाख | 20% |
| 15 लाख से ऊपर | 30% | 20-25 लाख | 25% |
| | | 24 लाख से ऊपर | 30% |

  पहले टैक्स प्रणाली में 6 स्लैब थीं अब 7 स्लैब हैं।
- बजट-2025-26 में सस्ते किए गए उत्पाद–मेडिकल उपकरण, देश में बने कपड़े, मोबाइल फोन बैटरी, लेदर जैकेट, जूते-बेल्ट, पर्स, ईवी वाहन, एलईडी टीवी, हैंडलूम कपड़े और आयातित सफेद मार्बल।
- बजट-2025-26 में महंगे किए गए उत्पाद–सोलर सेल, आयतित जूते, स्मार्ट मीटर, डिस्प्ले पैनल, स्मार्ट व्हाइट डिस्प्ले, आयातित जहाज, पीवीसी शीट, फ्लेक्स-बैनर, आयातित बुने कपड़े।
- सेस हटने से 82 वस्तुएँ सस्ती होगी।
- सूक्ष्म व लघु उद्यम के लिए लोन की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ की गई। अब 2.5 करोड़ तक निवेश वाले सूक्ष्म, 25 करोड़ तक निवेश वाले लघु और 125 करोड़ तक निवेश वाले मझोले उद्योग कहलाएंगे।
- सोने और चाँदी के आयातित आभूषणों पर सीमा शुल्क 25% से घटाकर 20% किया।
- पीएम स्वनिधि स्कीम के अन्तर्गत स्ट्रीट वेंडर के लोन की सीमा बढ़ाकर 30 हजार रुपए की। यह लोन यूपीआई लिंक्ड क्रेडिट कार्ड के जरिए मिलेगा।
- बजट में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को 26889.69 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। यह गत वर्ष से 16% अधिक है।
- राज्यों के सहयोग से पर्यटन के 50 नए केन्द्र विकसित होंगे।
- जन विश्वास बिल 2.0 लाया जाएगा। विभिन्न कानूनों के 100 से अधिक प्रावधान अपराध मुक्त किए जाऐंगे।
- देश को खिलौने का ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार होगी।
- सेना के आधुनिकीकरण पर कुल सैन्य बजट 6.8 लाख करोड़ रुपए में से 1.8 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- टीयर-2 शहरों में ग्लोबल कंपनियों को लाया जाएगा। 20 लाख रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
- डाकघर लॉजिस्टिक ऑर्गेनाइजेशन बनेंगे।
- सरकार निर्यातकों को आसान कर्ज उपलब्ध करवाएगी, ट्रेड का डिजिटल प्लेटफार्म लॉन्च किया गया।
- सरकार अगले 5 साल में (2025-2030) अपनी 10 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियों की बिक्री करेगी।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एनएचएआई) को 2.85 लाख करोड़ बजट आवंटन किया गया जो गत वर्ष से 2.41% अधिक है।
- सभी सरकारी माध्यमिक स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र (पीएचसी) में ब्रॉडबैंड के कनेक्शन लगेंगे।
- 500 करोड़ की लागत से शिक्षा के क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलैंस इन एआई स्थापित होंगे।
- वर्ष 2028 तक जलजीवन मिशन के तहत 3.93 करोड़ घरों तक नल से जल पहुँचाने का लक्ष्य।
- किसानों की आय एवं कपास के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी' की घोषणा की गई।
- बजट में कैंसर मरीजों पर पूरा फोकस किया गया। इसके तहत सरकार सभी 792 जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर खोलेगी। इस साल 200 जिलों में खुलेंगे। 36 जीवन रक्षक दवाओं पर कोई सीमा शुल्क नहीं लगेगा।

- 5 साल में फुटवियर व चमड़ा इंडस्ट्री में 22 लाख रोजगार बनेंगे। हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, धार्मिक पर्यटन, होम स्टे के लिए मुद्रा लोन से 50 लाख, एमएसएमई को छूट व स्टार्टअप के 10 हजार करोड़ के फंड से 50 लाख तो पीएम स्वनिधि विस्तार योजना से 10 लाख नए स्ट्रीट वंडर्स को अवसर। गांवों में तकनीकी व कौशल प्रशिक्षण से 50 लाख और गिग वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा से एक करोड़ नए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
- सीनियर सिटीजन की 1 लाख के बैंक ब्याज पर कोई टेक्स कटौती नहीं होगी।
- गिग वर्कर्स (ओला-उबर-स्वीगी, जोमैटो जैसी संस्था या फर्म में काम करने वाले) को पहचान पत्र मिलेंगे, ई-पोर्टल पर दर्ज होंगे।

इन्हें 5 लाख रुपए के फ्री इलाज वाली पीएम-जय योजना से जोड़ेंगे। सभी को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। इन्हें पहचान पत्र मिलेंगे।

**एससी व एसटी महिलाओं को 2 करोड़ रुपए तक लोन मिलेगा–** शुरुआत में यह लोन 5 लाख महिलाओं को मिलेगा। सरकार इन्हें वित्तीय सहायता के साथ ही मेंटरशिप की ट्रेनिंग भी दिलाएगी। महिलाओं और बच्चों के पोषण को मजबूत बनाने के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 योजना बढ़ाएंगे।

- बीमा सेक्टर में अब 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हो सकेगा। पहले यह सीमा 74% थी। हालांकि इसके साथ एक शर्त भी जोड़ी गई है। वो ये कि यह सीमा उन्हीं निवेशकों पर लागू होगी, जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करेंगे।
- मकान किराए से 6 लाख तक सालाना आय पर टीडीएस नहीं लगेगा। पहले यह सीमा 2.40 लाख तक थी। दूसरे मकान पर किराए की छूट बिना शर्त ले सकेंगे। पहले इसके लिए लिखित कारण बताना पड़ता था। सरकार इस साल 40 हजार सस्ते अपार्टमेंट देगी। ये उन्हें मिलेंगे, जिन्होंने इसे लोन से खरीदा और अभी किराए से रह रहे हैं। इसके लिए 15 हजार करोड़ का फंड।
- सरकार 23 आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाने जा रही है। वहीं, मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ेंगी। इस वित्त वर्ष में 10 हजार सीटें बढ़ाएंगे। ज्यादातर सीटें टियर-2 शहरों में बढ़ेंगी।
- नए उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ रुपए का फंड बनाया। इससे वेंचर कैपिटल निवेश प्रोत्साहित होगा। नया फंड इन इकाइयों को आर्थिक मदद देगा। स्टार्टअप को मिलने वाली आयकर छूट वर्ष 2025 में समाप्त हो रही थी, उसे बढ़ाकर वर्ष 2030 कर दिया है। इसके अलावा, देश में 500 करोड़ रुपए में तीन एआई उत्कृष्टता केन्द्र खोले जाएंगे, जो एआई कौशल को बढ़ावा देंगे।
- घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए टेक्स इंसेंटिव स्कीम शुरू की गई है। इसमें कोबाल्ट पाउडर, जिंक, लेड, लीथियम-आयन बैटरी और अन्य स्क्रैप जैसे खनिजों से बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है।
- सब्सिडी वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर 5 लाख रु. तक कर्ज ले सकेंगे। अभी यह सीमा 4 लाख है। इससे 6.7 करोड़ किसानों को फायदा।

**वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल बजट 50.65 लाख करोड़ रुपए का है 2024-25 में यह 47.16 लाख करोड़ रुपए का रहा। इसमें–**

- 16.29 लाख रुपए केन्द्रीय योजनाओं के लिए रखे गए हैं।
- 25.01 लाख करोड़ रुपए राज्यों के लिए निर्धारित किए गए हैं।
- 11.21 लाख करोड़ रुपए पूँजीगत व्यय के लिए।
- 6.81 लाख करोड़ रुपए सबसे ज्यादा रक्षा के लिए (पिछली बार से 9.53% ज्यादा)
- 2.55 लाख करोड़ रुपए रेल मंत्रालय के लिए प्रस्तावित। 200 वंदे भारत, 100 अमृत भारत तथा 50 नमो भारत सहित 350 नई ट्रेनें चलाया जाना प्रस्तावित।

| ₹ आता है | | ₹ जाता है | |
|---|---|---|---|
| **मद** | **प्रतिशत** | **मद** | **प्रतिशत** |
| इनकम टैक्स | 22% | टैक्स वसूली में से राज्यों को | 22% |
| जीएसटी | 18% | कर्ज का ब्याज चुकाने में | 20% |
| कर्ज लेना | 24% | केन्द्रीय योजनाओं पर | 16% |
| कंपनियों से टैक्स | 17% | राज्य की योजनाओं पर | 08% |
| फैक्ट्रियों में उत्पादन पर टैक्स | 05% | रक्षा पर | 08% |
| विदेश से माल मंगाने पर टैक्स | 04% | वित्त आयोग सिफारिशों पर खर्च | 08% |
| फीस, जब्ती आदि | 09% | सब्सिडी पर खर्च | 06% |
| अन्य | 01% | पेंशन भुगतान | 04% |
| | | अन्य | 08% |

**प्रमुख आँकड़े**

| ₹ करोड़ में | 2023-24 (वास्तविक) | 2024-25 (बजट अनुमान) | 2024-25 (संशोधित अनुमान) | 2025-26 (बजट अनुमान) |
|---|---|---|---|---|
| राजस्व प्राप्तियाँ | 27,29,036 | 31,29,200 | 30,87,960 | 34,20,409 |
| पूँजीगत प्राप्तियाँ | 17,14,411 | 16,91,312 | 16,28,527 | 16,44,936 |
| कुल प्राप्तियाँ | 44,43,447 | 48,20,512 | 47,16,487 | 50,65,345 |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| ₹ करोड़ में | 2023-24 (वास्तविक) | 2024-25 (बजट अनुमान) | 2024-25 (संशोधित अनुमान) | 2025-26 (बजट अनुमान) |
|---|---|---|---|---|
| कुल व्यय | 44,43,447 | 48,20,512 | 47,16,487 | 50,65,345 |
| प्रभावी पूँजीगत व्यय | 12,53,111 | 15,01,889 | 13,18,320 | 15,48,282 |
| राजस्व घाटा | 7,65,216 | 5,80,201 | 6,10,098 | 5,23,846 |
| प्रभावी राजस्व घाटा | 4,61,300 | 1,89,423 | 3,10,207 | 96,654 |
| राजकोषीय घाटा | 16,54,643 | 16,13,312 | 15,69,527 | 15,68,936 |
| प्राथमिक घाटा | 5,90,771 | 4,50,372 | 4,31,587 | 2,92,598 |

**केन्द्रीय बजट 2025-26**
**कैसे खर्च होगा केन्द्र सरकार का पैसा**
**2025-26 के लिए बजट अनुमान, ₹ करोड़ में**

| क्षेत्र | राशि |
|---|---|
| ब्याज | 12,76,338 |
| परिवहन | 5,48,649 |
| रक्षा | 4,91,732 |
| प्रमुख सब्सिडी | 3,83,407 |
| पेंशन | 2,76,618 |
| ग्रामीण विकास | 2,66,817 |
| गृह (संघ राज्य क्षेत्र सहित) | 2,33,211 |
| कर प्रशासन | 1,86,632 |
| कृषि और संबद्ध कार्यकलाप | 1,71,437 |
| शिक्षा | 1,28,650 |
| स्वास्थ्य | 98,311 |
| शहरी विकास | 96,777 |
| आईटी और दूरसंचार | 95,298 |
| ऊर्जा | 81,174 |
| वाणिज्य और उद्योग | 65,553 |
| वित्त | 62,924 |
| सामाजिक कल्याण | 60,052 |
| वैज्ञानिक विभाग | 55,679 |
| विदेश मामले | 20,517 |
| पूर्वोत्तर का विकास | 5,915 |
| अन्य | 4,82,653 |
| **कुल** | **50,65,345** |

■ **सचिन तेंदुलकर को सीके नायडु लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला–**

1 फरवरी, 2025 को महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को बीसीसीआई ने सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। बीसीसीआई के हेडक्वार्टर में आयोजित सम्मान समारोह में सचिन तेंदुलकर को आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने यह अवॉर्ड दिया। सचिन तेंदुलकर ने भारत के लिए 200 टेस्ट में 51 शतकों सहित 15921 और 463 वनडे में 49 शतकों के साथ 14826 रन बनाए हैं। वह सौ अंतर्राष्ट्रीय शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं।

इन्हें भी पुरस्कार दिए गए–

**पुरुष वर्ग**
- **रविचंद्रन अश्विन :** स्पेशल अवॉर्ड
- **जसप्रीत बुमराह :** सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर
- **सरफराज खान :** बेस्ट डेब्यू

**महिला वर्ग**
- **स्मृति मंधाना :** सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज
- **दीप्ति शर्मा :** सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज
- **आशा सोभान :** बेस्ट डेब्यू

## Newspaper of 3 February, 2025

■ **2 फरवरी, 2025 को कुआलालंपुर में चल रहे महिला अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार टी-20 विश्वकप जीत लिया। भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराया। भारतीय टीम ने सभी 7 मैच जीते।**

उल्लेखनीय है कि अंडर-19 महिला क्रिकेट विश्व कप का वर्ष 2023 में आयोजित पहला संस्करण भी भारतीय टीम ने जीता था। बीसीसीआई ने विश्वकप विजेता टीम को पाँच करोड़ रुपए इनाम स्वरूप देने की घोषणा की है।

■ **हाल ही में सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की घोषणा के तहत देश की पहली एआई यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र में खुलेगी। इसकी योजना बनाने और कार्यान्वयन के लिए टास्क फोर्स का गठन कर दिया गया है। यह यूनिवर्सिटी एआई अनुसंधान और विकास पर काम करेगी।**

■ **हाल ही में केन्द्र सरकार ने राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी राजीव सिंह ठाकुर को नीति आयोग का सलाहकार नियुक्त किया है। वे 1995 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।**

■ **केन्द्र सरकार द्वारा सेंट्रल केवाइसी रजिस्ट्री लॉन्च किया जाएगा; बार-बार केवाइसी कराने का झंझट जल्दी खत्म होगा–**

जल्द ही लोगों को बार-बार केवाइसी कराने की झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। केन्द्र सरकार वर्ष 2025 में ही नई सेंट्रल केवाइसी रजिस्ट्री लॉन्च करने की तैयारी में है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, केवाइसी प्रक्रिया सरल बनाने के

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

लिए नई सेंट्रल केवाइसी रजिस्ट्री 2025 में लॉन्च की जाएगी। केवाइसी रेकॉर्ड को अपडेट करने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली भी लागू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सेंट्रल केवाइसी रजिस्ट्री एक केन्द्रीय डेटाबेस है, जहाँ फाइनेंशियल सेक्टर के सभी ग्राहकों के केवाइसी रेकॉर्ड सुरक्षित तरीके से रखे जाते हैं।

## Newspaper of 4 February, 2025

- **ग्रैंडमास्टर आर प्राग्गनानंदा ने पहली बार टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता; ऐसा करने वाले पहले भारतीय बने–**

हाल ही में ग्रैंडमास्टर आर प्रग्गनानंदा ने हमवतन और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर पहली बार टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। इसके साथ ही प्रग्गनानंदा ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डी गुकेश को टाइब्रेकर में 2–1 से हराया। प्राग्गनानंदा विश्वनाथन आनंद (2006) के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने।

- **भारतवंशी गायिका चंद्रिका टंडन को 'त्रिवेणी' एल्बम के लिए संगीत के सबसे बड़े सम्मान ग्रैमी अवार्ड से सम्मानित किया गया; बेस्ट न्यू एज कैटेगरी में चुनी गई चंद्रिका टंडन–**

3 फरवरी, 2025 को भारतीय-अमेरिकी गायिका और उद्यमी चंद्रिका टंडन को त्रिवेणी एल्बम के लिए ग्रैमी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस सबसे बड़े संगीत पुरस्कार समारोह का 67वां संस्करण लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में आयोजित हुआ। 'त्रिवेणी' एल्बम का नाम भारत की 3 पवित्र नदियों गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम से प्रेरित है। यह एल्बम प्राचीन वैदिक मंत्रों को बांसुरी और सेलो (वायलिन समूह का एक वाद्ययंत्र) की धुनों के साथ जोड़ता है। चंद्रिका ने बेस्ट न्यू एज, एंबियंट या चैंट एल्बम कैटेगरी में अवार्ड जीता।

## Newspaper of 5 February, 2025

- **भारतीय रेलवे ने 'स्वरेल ऐप' लॉन्च किया; इससे एक ही अकाउंट से रेलवे की विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया जा सकेगा–**

हाल ही में भारतीय रेल ने 'स्वरेल ऐप' लॉन्च किया है। अब यात्रियों को अपने मोबाइल में रेलवे से जुड़े अलग-अलग ऐप्स रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेलवे ने स्वरेल ऐप लॉन्च किया है, जिससे यात्री एक ही अकाउंट से रेलवे की विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस ऐप को फिलहाल ट्रायल बेस पर शुरू किया गया है और यूजर्स से फीडबैक लिया जा रहा है। जल्द ही यह ऐप आम लोगों के लिए उपलब्ध होगा।

**ये मिलेंगी सुविधाएँ**–रेलवे अधिकारियों के अनुसार पहले यात्रियों को रिजर्व्ड बुकिंग, पार्सल से जुड़ी जानकारी, ट्रेन के रनिंग स्टेट्स, खाने का ऑर्डर करने जैसी कई सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप्स इंस्टॉल करने पड़ते थे। इन सभी समस्याओं को हल करने के लिए इंडियन रेलवे ने सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स (क्रिस) की मदद से सुपर ऐप तैयार किया है, जिसे स्वरेल नाम दिया गया है। खास बात यह है कि अब रेल यात्री पीएनआर, कंप्लेन मेनेजमेंट, खाने का ऑर्डर, ट्रेनों की रनिंग स्थिति, टिकट बुकिंग समेत अन्य सेवाओं का लाभ एक ही ऐप से उठा सकेंगे।

- **उत्तराखंड के बाद गुजरात में भी यूसीसी लागू होगा, समिति बनी–**

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने के बाद अब इसे गुजरात राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए लागू किया जाएगा। इसके विधेयक का मसौदा तैयार करने के लिए समिति बनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता वाली पाँच सदस्यीय समिति 45 दिनों में रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद यूसीसी लागू करने पर निर्णय लिया जाएगा।

समिति मुस्लिम समेत सभी धार्मिक समुदाय के नेताओं से मशविरा करेगी। समिति विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से भी बातचीत करेगी। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि गुजरात में यूसीसी लागू होता है तो राज्य में भी आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। मालूम हो, गुजरात सरकार ने 2022 के विधानसभा चुनावों में यूसीसी लागू करने का वादा किया था।

## Newspaper of 7 February, 2025

- **राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपातकालीन अलर्ट के लिए 'सचेत' ऐप प्रारंभ किया–**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल आधारित एकीकृत अलर्ट सिस्टम शुरू किया है।

- आपातकालीन अलर्ट की सूचनाएँ सचेत मोबाइल ऐप और पोर्टल sachet.ndma.gov.in के जरिए प्राप्त की जा सकती हैं।
- यह अलर्ट, अवेयरनेस और एक्शन सिद्धांत पर आधारित एक जीआईएस पोर्टल है।
- हीटवेव, भूकंप और चक्रवात जैसी आपदाओं से बचने के लिए यह ऐप समय पर चेतावनी एसएमएस के जरिए भेजता है।
- समय पर अलर्ट और जानकारी मिलने पर जानमाल की हानि को रोकने में यह ऐप कारगर साबित होगा।
- यह ऐप एंड्राइड और आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर मुफ्त उपलब्ध है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 8 February, 2025

### ■ भारत का नवीनतम ग्राउंड-बेस्ड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और जेमिंग सिस्टम 'धारशक्ति' बॉर्डर पर तैनात होगा–

भारतीय वायुसेना पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर अपने धारशक्ति इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सिस्टम को तैनात करेगा। यह नया इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम है जो इजरायली 'स्कॉर्पियस जी' सिस्टम से कहीं बेहतर है।

इससे दुश्मन देश के राडार और संचार प्रणाली को जाम किया जा सकेगा। बॉर्डर के पास उड़ रहे लड़ाकू विमान और ड्रोन जैसे फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स का इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम भी धारशक्ति जाम कर देगा। धारशक्ति, भारत का नवीनतम ग्राउंड-बेस्ड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और जैमिंग सिस्टम है, जो रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने तैयार कर वायुसेना को दिया है।

**सिस्टम की विशेषता–**

**राडार जैमिंग–**दुश्मन के एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग एंड कंट्रोल (अवाक्स) राडार को जाम करने की क्षमता।

**स्मार्ट संचार अवरोधन–**एन्क्रिप्टेड संचार प्रणालियों और नेविगेशन सिस्टम को निष्क्रिय करने की शक्ति।

**स्ट्राइक क्षमता–**सिन्थेटिक अपर्चर रडार (सार) और अन्य अत्याधुनिक प्रणालियों को बाधित करने की क्षमता।

**रणनीतिक फायदा–**भारत की रक्षा और आक्रामक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं में महत्त्वपूर्ण इजाफा।

### ■ भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने रेपो रेट 0.25% घटाकर 6.25% की–

7 फरवरी, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेपो रेट 0.25% घटा दी। अब यह 6.25% हो गई है। करीब पाँच साल बाद रेपो रेट में कटौती की गई। इस कटौती से लोन सस्ते होंगे और ईएमआई घटने से भी लोगों को राहत मिलेगी। यह कदम लोगों की खरीद-क्षमता बढ़ाने के लिए उठाया गया है, ताकि बाजार में उपभोक्ता माँग का ग्राफ ऊपर जाए।

**रेपो रेट एक नजर में (गत 5 वर्षों क प्रदर्शन)**

- फरवरी 2020 – 5.15%
- मार्च 2020 – 4.40%
- मई 2020 – 4.00%
- मई 2022 – 4.40%
- जून 2022 – 4.90%
- अगस्त 2022 – 5.40%
- सितम्बर 2022 – 5.90%
- दिसम्बर 2023 – 6.25%
- फरवरी 2023 – 6.50%
- फरवरी 2025 – 6.25%

### ■ दुनिया के सबसे ताकतवर लड़ाकू विमानों में से पाँचवीं पीढ़ी का रूसी सुखोई-57 पहली बार भारत में उतरा; 34 हजार किलो वजन के साथ कर सकता है टेक ऑफ–

हाल में दुनिया के सबसे ताकतवर लड़ाकू विमानों में से एक सुखोई-57 पहली बार भारत में उतरा है। पाँचवीं पीढ़ी का यह युद्धक विमान बेंगलुरू के यलहंका वायुसैनिक अड्डे पर 10 फरवरी से शुरू हो रहे एयरो इंडिया 2025 में ताकत दिखाएगा। स्टील्थ फीचर से लैस ये अत्याधुनिक लड़ाकू विमान दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम है।

### ■ नए आयकर विधेयक को कैबिनेट की मंजूरी मिली–

7 फरवरी 2025 को केन्द्र सरकार ने नए आयकर विधेयक को मंजूरी दे दी है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस विधेयक को मंजूरी दी गई। अब इसे अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा और संसद की वित्त स्थायी समिति को भेजा जाएगा। इसके साथ दंड संहिता की तर्ज पर 64 साल पुराने आयकर अधिनियम 1961 को खत्म करने का रास्ता साफ हो गया है।

इस विधेयक का उद्देश्य प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाना है। मालूम हो कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 में घोषणा की थी कि इस सत्र में नया कर विधेयक पेश किया जाएगा। जुलाई, 2024 के बजट में उन्होंने आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की थी। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को नए आयकर कानून पर 6,500 सुझाव मिले हैं। बोर्ड इन सुझावों को बिल में शामिल करेगा। जानकारों का मानना है कि पुराने कानून के 40% सेक्शन कम किए जा सकते हैं।

## Newspaper of 9 February, 2025

### ■ दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत मिला; कुल 70 विधानसभा सीटों में से भारतीय जनता पार्टी (BJP) को 48 व आम आदमी पार्टी (AAP) को 22 सीटें मिली–

5 फरवरी, 2025 को 70 सीटों के लिए हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों की 8 फरवरी, 2025 को मतगणना की गई। मतगणना के बाद परिणाम इस प्रकार रहा—

| पार्टी | सीटें | वोट शेयर |
|---|---|---|
| भारतीय जनता पार्टी (BJP) | 48 | 45.56% |
| आम आदमी पार्टी (आप) | 22 | 43.57% |
| कांग्रेस | 00 | 06.34% |
| अन्य | 00 | 04.53% |

### ■ इसरो द्वारा स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन का वैक्यूम (निर्वात) में रीस्टार्ट परीक्षण सफल रहा–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

हाल ही में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने प्रक्षेपणयान एलवीएम-3 के ऊपरी चरण को ताकत देने वाले स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन सीई-20 का वैक्यूम (निर्वात) में री-स्टार्ट परीक्षण किया है। यह परीक्षण इस रॉकेट को बहुपयोगी बनाने की दिशा में काफी अहम है।

इसरो के मुताबिक इस परीक्षण की कामयाबी से भविष्य में एलवीएम-3 रॉकेट के जरिए एक ही मिशन लॉन्च कर दो अलग-अलग कक्षाओं में उपग्रहों को पहुँचाया जा सकेगा। एलवीएम-3 रॉकेट 4 हजार किलो भार वाले उपग्रहों को जीटीओ और 10 हजार किलो भार वाले उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में पहुँचा सकता है। क्रायोजेनिक इंजन के री-स्टार्ट परीक्षण से यह रॉकेट काफी उपयोगी हो जाएगा। परीक्षण के दौरान, इंजन थ्रस्ट चैंबर का इग्निशन वैक्यूम में मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर के साथ किया गया।

## Newspaper of 10 February, 2025

- **9 फरवरी, 2025 को मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच 3 मई, 2023 से जारी जातीय हिंसा के 21 महीने बाद आखिर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया। वे अगली व्यवस्था तक कार्यवाहक सीएम बने रहेंगे।**

**सीएम ने इसलिए लिया निर्णय–मणिपुर** में कॉनराड संगमा की एनपीपी ने समर्थन वापस ले लिया था, फिर भी भाजपा के पास पर्याप्त संख्या बल था। लेकिन पार्टी के कुछ विधायकों ने नेतृत्व परिवर्तन की माँग उठाई थी। फ्लोर टेस्ट होता, तो असंतुष्ट विधायकों द्वारा पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने की संभावना थी। इससे सरकार को संकट का सामना करना पड़ सकता था। इससे बचने के लिए मुख्यमंत्री ने इस्तीफा देने का फैसला किया।

## Newspaper of 11 February, 2025

- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में एयरो इंडिया शो 2025 का उद्घाटन किया; रूसी सुखोई-57 व अमेरिकी एफ-35 का आकाश में शानदार प्रदर्शन–**

10 फरवरी, 2025 को बेंगलुरु में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया शो 2025 का उद्घाटन किया। इसमें देश व विदेश के युद्धक विमानों को प्रदर्शन के लिए लाया गया इसमें 5वीं पीढ़ी के रूसी सुखोई-57 व अमेरिका एफ-35 का आकाश में शानदार प्रदर्शन रहा।

**भारत का 5वीं पीढ़ी का फाइटर ऐसा होगा–**

- एएमसीए निर्माण में **तेजस के विकास में मिली तकनीकी महारत का काफी उपयोग** किया गया है। यह दो इंजन वाला युद्धक विमान होगा और इसका वजन लगभग 25 टन होगा।
- **स्टील्थ फीचर वाला यह युद्धक विमान दुश्मनों के राडार की पहुँच से बाहर होगा।** यह नेटवर्क सेंट्रिक वारफेयर (एनसीडब्लयू) प्रणाली से लैस होगा और यह लगभग 14 टन हथियार और बम लेकर उड़ान भर सकता है।
- इसमें **एआइ से संचालित इलेक्ट्रॉनिक पायलट और इंटीग्रेटेड व्हीकल मैनेजमेंट जैसी प्रणालियाँ भी** होंगी। यह विभिन्न स्थितियों के प्रति पायलट को सजग करेगा।
- **खराब दृश्यता की स्थिति में नेविगेशन के लिए संयुक्त विजन प्रणाली** होगी।
- **एआइ के प्रयोग से इसकी मारक क्षमता में काफी बढ़ोतरी होगी।** सॉफ्टवेयर की संरचना ऐसी है जो इसकी एनसीडब्ल्यू क्षमता को बढ़ाएगी।

- **अब पुन: एक साल में कर सकेंगे बीएड/एमएड–**

हाल ही में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) प्रमुख नीतिगत बदलाव करते हुए एक वर्षीय बीएड और एमएड प्रोग्राम फिर शुरू करने जा रही है। करीब एक दशक पहले इसे इसकी अवधि दो वर्ष की गई थी। नए मसौदा के ये प्रावधान 2026-27 से प्रभावी होंगे। इससे शिक्षा में करियर बनाने वालों को समय में तैयार किया जा सकेगा। हाल ही में एनसीटीई की बैठक में प्रस्ताव के मसौदे को मंजूरी दी गई है।

मसौदा नियमों के अनुसार, एक वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम के लिए केवल वे ही पात्र होंगे जिन्होंने चार वर्षीय स्नातक डिग्री या स्नातकोतर कार्यक्रम पूरा किया है। यह उन लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होगा, जिन्होंने तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम पूरा किया है और ऐसे छात्रों के लिए दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम जारी रहेगा।

- **हाल ही में श्रीनगर के गणित के शिक्षक से इंजीनियर बने बिलाल अहमद मीर भारत की हाई-टेक सोलर कार 'रे' बनाने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। इसका 10 फरवरी, 2022 को श्रीनगर में अनावरण किया गया। यह कार पाँच लोगों की बैठक क्षमता वाली है। इसमें सौर ऊर्जा व रियाचार्जेबल बैटरी को मिलाकर दोहरी पावर प्रणाली है।**

- **मध्य प्रदेश में अंगदान के बाद देह को गार्ड ऑफ ऑनर तथा देहदान करने वालों के परिवार को राजकीय सम्मान मिलेगा–**

मध्य प्रदेश में ब्रेन डेड व्यक्ति के ऑर्गन ट्रांसप्लांट के बाद देह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इसके अलावा देहदान करने वालों के परिवार को भी राजकीय सम्मान दिया जाएगा। साथ ही 15 अगस्त और 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा। अगर अंगदान करने वालों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, तो सरकार इसकी व्यवस्था करेगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 12 February, 2025

### ■ पीएम मोदी बोले.....'अगला दो दशक बेहद अहम, ग्रीन फ्यूचर की ओर कदम'–

11 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस की यात्रा के दौरान दिल्ली में शुरू हुए 'इंडिया एनर्जी वीक' कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा महत्त्वाकांक्षाएँ पाँच पिलर पर खड़ी है। संसाधनों का कुशल दोहन, नवाचार को बढ़ावा, मजबूत अर्थव्यवस्था व राजनीतिक स्थिरता, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और वैश्विक स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता। पीएम ने कहा कि हमारे कई ऊर्जा लक्ष्य 2030 की समय सीमा के अनुरूप हैं। ये लक्ष्य अभी बहुत महत्त्वाकांक्षी लग सकते हैं लेकिन भारत ने पिछले दस वर्ष में जो हासिल किया है, उससे यह विश्वास पैदा हुआ है कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

#### वर्ष 2030 तक का ऊर्जा टारगेट–

- 500 गीगावाट रिन्युएबल एनर्जी क्षमता जोड़ना।
- भारतीय रेलवे का नेट जीरो कार्बन एमिशन पूरा होगा।
- पाँच मिलियन मिट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन।
- हाइड्रोजन निवेश में 96 बिलियन डॉलर आकर्षित करना।
- रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल्स में 30 बिलियन डॉलर के विस्तार के साथ प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 6% से बढ़ाकर 15% करना।

#### भारत की स्थिति–

- भारत जी-20 देशों में **पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने वाला पहला देश बना है।**
- भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है, जिससे **भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है।**
- गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित **ऊर्जा क्षमता भी तीन गुना बढ़ी है।**
- भारत चौथा सबसे बड़ा **रिफाइनिंग हब है और क्षमता 20% बढ़ाने में जुटा है।**

## Newspaper of 15 February, 2025

### ■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अमेरिका दौरा : डोनाल्ड ट्रंप व नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक मुलाकात हुई; 'एफ-35' फाइटर जेट बेचने का ऐलान; अमेरिकी शराब पर टैरिफ अब मात्र 50%–

13 फरवरी, 2025 को देर रात (भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार तड़के 3 बजे)प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप की मुलाकात व्हाइट हाउस में हुई। ट्रंप ने टैरिफ मामले को लेकर मोदी की तारीफ की और उन्हें टफ नेगोशिएटर (मोलभाव करने वाला) करार दिया। अमेरिका का दो दिवसीय दौरा खत्म कर पीएम मोदी 14 फरवरी 2025 को रात भारत पहुँच गए।

व्हाइट हाउस में बैठक के दौरान मोदी ने ग्लोबल लीडरशिप और आर्थिक उन्नति के लिए भारत-अमेरिका के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अक्सर **मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन)** की बात कहते हैं। हम भी विकसित भारत के लिए काम कर रहे हैं, यह अमेरिकी संदर्भ में **मिगा (मेक इंडिया ग्रेट अगेन)** कहा जाएगा। दोनों को मिलाकर देखें तो यह हमारी परस्पर समृद्धि के लिए **मेगा (मेक इंडिया-अमेरिका ग्रेट अगेन)** पार्टनरशिप होगी।

### ■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रमुख बातें–

#### आतंकवाद पर कड़ा शिकंजा कसेगा

- राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा। **अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में इस फैसले को मंजूरी दी थी।** भारत लंबे समय से राणा को सौंपने की माँग कर रहा था, जिससे अब न्याय की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।
- अमेरिका और भारत ने इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया। **दोनों देशों ने आतंकवादी संगठनों के वित्तपोषण को रोकने, खुफिया जानकारी साझा करने** और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने की बात कही।

#### प्रवासी भारतीयों को फायदा होगा

- मोदी ने घोषणा की कि लॉस एंजिलिस व **बॉस्टन में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट) खोले जाएँगे।** इससे भारतीय प्रवासियों को लाभ मिलेगा। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक व व्यावसायिक संबंध और मजबूत होंगे।

#### व्यापारिक असंतुलन कम होगा, छोटे न्यूक्लियर रिएक्टर बनेंगे–

- अमेरिका और भारत ने अपने व्यापारिक असंतुलन को कम करने पर सहमति जताई। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ व्यापार घाटे को कम करने के लिए नए समझौते करेगा। इससे दोनों देशों के व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे। दोनों देशों ने सेमीकंडक्टर निर्माण और क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान और विकास पर सहमति जताई। भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। इससे

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

भारत में तकनीकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

- भारत और अमेरिका ने छोटे न्यूक्लियर मॉड्यूलर रिएक्टर विकसित करने के लिए सहयोग करने का फैसला किया। इससे स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और दोनों देशों की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी।

**क्षेत्रीय शांति के लिए रणनीति बनेगी–**

- ट्रंप ने कहा कि भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में प्रमुख रणनीतिक सहयोगी है। उन्होंने **क्वाड को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।** इससे भारत की सुरक्षा भूमिका मजबूत होगी व क्षेत्रीय शांति आएगी।
- ट्रंप ने कहा कि **भारत को अत्याधुनिक हथियार, लड़ाकू विमान और सैन्य प्रणालियाँ दी जाएंगी।** दोनों देश रक्षा क्षेत्रों में संयुक्त उत्पादन व तकनीकी साझेदारी बढ़ाएंगे।

**कारोबारी रिश्ते मजबूत होंगे–**

- अमेरिका ने भारत को कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने का फैसला किया। **दोनों देशों ने अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर भी मिलकर काम करने की योजना बनाई है।**
- भारत और अमेरिका ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया। **दोनों देश मिलकर उन्नत एआइ सिस्टम विकसित करेंगे।**

**भारत को मिलेगा पाँचवीं जनरेशन का जंगी विमान–**

चलते फिरते कंप्यूटर के रूप में विख्यात अमेरिका का युद्धक स्टील्थ विमान एफ-35 अब भारत को मिल सकता है। पाँचवीं जनरेशन के इस विमान को दुनिया के सबसे उन्नत जेट विमान में से एक माना जाता है। फिलहाल, भारत के पास पाँचवीं पीढ़ी का कोई विमान नहीं है। एफ-35 इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि चीन के पास जे-35ए विमान है।

**स्टील्थ विमान है एफ-35**–स्टील्थ विमान को रडार इन्फ्रारेड और अन्य प्रकार के इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन से बचने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे यह रडार की पकड़ में मुश्किल से आते हैं।

**यह** 1931 किमी. प्रति घंटे की हाई स्पीड तक पहुँच सकता है।

**छह** इन्फ्रारेड कैमरों की वजह से इसका खास हेलमेट पायलट को विमान के आर-पार देखने की भी अनुमति देता है।

**एफ-35** की मारक क्षमता नहीं बल्कि उसकी कंप्यूटिंग शक्ति उसे सबसे अलग बनाती है।

**पहली बार भारत लॉन्च करेगा अमेरिकी सैटेलाइट–**

**पीएम** मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प ने बैठक के दौरान भारत-अमेरिका ट्रस्ट या 'ट्रांसफोर्मिंग द रिलेशनशिप यूटेलाइजिंग स्ट्रेटजिक टेक्नोलॉजी' पहल की भी घोषणा की गई है। दोनों नेताओं ने अब तक के सबसे महंगे नागरिक पृथ्वी-इमेजिंग सैटेलाइट निसार के लॉन्च पर भी सहमति जताई है। इसकी लागत 1 बिलियन डॉलर से अधिक है। नासा ने कहा है कि विकास और तैनाती सहित कुल मिशन लागत 1.5 बिलियन डॉलर से अधिक हो सकती है। इसरो अपने जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मार्क 2 (जीएसएलवी एमके 2) से श्रीहरिकोटा से निसार को लॉन्च करेगा। यह पहली बार होगा जब अमरीकी सरकार के किसी उपग्रह को भारतीय अंतरिक्ष केन्द्र से लॉन्च किया जाएगा।

**राष्ट्रपति** ट्रंप ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए अपनी किताब 'आवर जर्नी टुगेदर' भेंट की। यह किताब ट्रंप के पहले कार्यकाल में उनके और मोदी के रिश्तों पर आधारित है। इसमें मोदी की 2019 में अमेरिका यात्रा के दौरान ह्यूस्टन में 'हाउड़ी मोदी' कार्यक्रम और ट्रंप की 2020 में भारत यात्रा के दौरान अहमदाबाद में 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम का जिक्र व फोटो हैं। इस किताब को मोदी को भेंट करने से पहले ट्रंप ने इस पर लिखा–प्रिय प्रधानमंत्री, आप महान हैं।

## ■ इसरो का एक और कमाल : उच्च दबाव और तापमान में काम करने में सक्षम ठोस रॉकेट मोटरों के लिए 10 टन का दुनिया का सबसे बड़ा वर्टिकल प्रणोदक मिक्सर विकसित किया–

हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को ठोस रॉकेट मोटरों के लिए 10 टन का वर्टिकल प्रणोदक मिक्सर विकसित करने में सफलता मिली है। इसे रॉकेटों के लिए ठोस प्रणोदक सामग्री सही मात्रा और गुणवत्ता में मिश्रित करने के लिए बनाया गया। इससे इसरो की रॉकेट लॉन्च करने की क्षमता मजबूत होगी।

इसरो के मुताबिक वर्टिकल प्रणोदक मिक्सर ठोस रॉकेट प्रणोदकों के उत्पादन के लिए महत्त्वपूर्ण है। इसे उच्च दबाव व तापमान में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर ने सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, बेंगलुरु के साथ मिलकर मिक्सर विकसित किया। इसका मकसद ठोस रॉकेट प्रणोदक सामग्री को मिश्रित करना है, जो रॉकेटों को स्थिरता व शक्ति प्रदान करती है। प्रणोदक मिक्सर भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्त्वपूर्ण साबित होगा।

**अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी–**

**इसरो** का कहना है कि 10 टन का वर्टिकल मिक्सर दुनिया का सबसे बड़ा सॉलिड प्रोपेलेंट मिश्रण उपकरण है। इस उपलब्धि से सॉलिड मोटर्स के उत्पादन में बढ़ोतरी होगी। मोटर्स की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। अहम तकनीक, उपकरणों और मशीनों के देश में ही विकास से अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**ठोस प्रणोदक मिक्सर एक नजर में–**

**कुल वजन 150 टन, लंबाई 5.4 मीटर**

ठोस प्रणोदक को रॉकेट की मोटर की रीढ़ माना जाता है। इसके उत्पादन के लिए बेहद संवेदनशील तत्त्वों को सटीक तरीके से मिश्रित करने की जरूरत होती है। जो प्रणोदक मिक्सर विकसित किया गया है, उसका वजन 150 टन और लंबाई 5.4 मीटर है। मिक्सर में हाई-प्रेशर वेसल्स अत्याधुनिक मिश्रण तकनीकी सिस्टम का इस्तेमाल किया गया। प्रणोदक किसी वस्तु को गति प्रदान करने के लिए प्रतिक्रिया बल उत्पन्न करने वाला पदार्थ होता है। ये बल वस्तु को गतिमान करने में मदद करता है।

■ **टाटा संस के चैयरमेन एन चंद्रशेखरन को यूनाइटेड किंगडम में मानद 'नाइटहुड' का सम्मान–**

हाल ही में ब्रिटेन व भारत के संबंधों में योगदान के लिए यूनाइटेड किंगडम ने टाटा संस के चैयरमेन एन चंद्रशेखरन को मानद 'नाइटहुड' सम्मान देने का ऐलान किया है। इससे पहले, भारती एंटरप्राइजेज के सुनील भारती मित्तल को भी नाइटहुड से सम्मानित किया जा चुका है।

■ **नए आयकर बिल पर 31 सदस्यीय सिलेक्ट कमेटी गठित की–**

14 फरवरी, 2025 को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने नए इनकम टैक्स बिल के लिए 31 सदस्यीय सिलेक्ट कमेटी गठित कर दी। भाजपा सांसद और ओडिशा के केन्द्रपाड़ा से सांसद वैजयंत पांडा को चेयरमैन बनाया गया है।

## Newspaper of 18 February, 2025

■ **निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) नियुक्त किया गया; विवेक जोशी निर्वाचन आयुक्त बने–**

17 फरवरी, 2025 को देर रात्रि केन्द्र सरकार ने देश के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में ज्ञानेश कुमार को नियुक्त कर दिया। वर्तमान सीईसी राजीव कुमार 18 फरवरी, 2025 को रिटायर हो रहे हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई चयन समिति की बैठक में यह फैसला किया गया। ज्ञानेश कुमार 26 जनवरी, 2029 तक सीईसी रहेंगे। उनके कार्यकाल में लगभग सभी बड़े राज्यों समेत 22 विधानसभाओं के चुनाव कराने का जिम्मा होगा। इन्हीं के साथ विवेक जोशी को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया है।

■ **ज्ञानेश कुमार की अनुच्छेद 370 निरस्त करने में रही है विशेष भूमिका–**

- अतिरिक्त गृह सचिव के रूप में अयोध्या में राम मंदिर के बारे में सुप्रीम कोर्ट में दस्तावेज पेश करने में थी विशेष भूमिका।
- ये मानते हैं कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) से चुनाव संचालन में आ सकती है क्रांति।
- मूलत: आगरा निवासी ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के आइएएस रहे।
- आइआइटी कानपुर से सिविल इंजीनियर।
- अनुच्छेद 370 को खत्म करने, जम्मू-कश्मीर के विभाजन और तीन तलाक विरोधी विधेयक बनाने में भूमिका।

■ **हाल ही में भारत ने गहरे समुद्र में चलने वाली चौथी पीढ़ी की पनडुब्बी मत्स्य-6000 का कट्टपल्ली पोर्ट पर टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया। अब 500 मीटर गहराई पर परीक्षण होगा। यह पनडुब्बी कई उन्नत स्वदेशी तकनीक से लैस है। डीप ओशन मिशन के तहत समुद्रयान परियोजना में इसकी अहम भूमिका होगी।**

## Newspaper of 19 February, 2025

■ **एलन मस्क की कंपनी ने 'दुनिया का सबसे स्मार्ट एआइ' 'ग्रोक-3' लॉन्च किया–**

18 फरवरी, 2025 को दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की कंपनी एक्सएआइ ने अपना नया एआइ मॉडल 'ग्रोक-3' लॉन्च कर दिया। मस्क का दावा है कि यह दुनिया का सबसे स्मार्ट एआइ है। यह कंपनी के पहले के वर्जन ग्रोक-2 से 10 गुना ज्यादा तेज है। एक्सएआइ की टीम का कहना है कि ग्रोक-3 न सिर्फ तर्क और गहराई के साथ रिसर्च करेगा, बल्कि रचनात्मक कार्य भी आसानी से कर सकती है। यह चैटबॉट गूगल, ओपनएआइ और एंथ्रोपिक जैसी पश्चिमी एआइ कंपनियों के मॉडल्स के साथ-साथ चीन के डीपसीक और क्वेन को कड़ी टक्कर दे सकता है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक ग्रोक-3 में तीन प्रमुख फीचर हैं— 'डीप सर्च', 'थिंक' और 'बिग माइंड'। 'डीप सर्च' फीचर यूजर्स को गहराई से रिसर्च करने में मदद करेगा। डीपसीक और जैमिनी जैसे एआइ मॉडल पहले से रिसर्च का फीचर दे रहे हैं। ग्रोक-3 की खासियत यह है कि यूजर्स इसे ज्यादा सोचने के लिए कह सकते हैं। यानी अगर आप कोई सवाल पूछेंगे तो यह और ज्यादा गहराई में जाकर बेहतर जवाब देगा। 'थिंक' फीचर के जरिए यह गणित, विज्ञान और कोडिंग जैसे मुश्किल सवाल हल करेगा।

**डेमो** में ग्रोक-3 को पृथ्वी से मंगल तक जाने और पृथ्वी पर लौटने का सही रास्ता बताने को कहा गया। फिजिक्स के इस जटिल सवाल को इसने 114 सेकंड में हल कर दिया। उसने न सिर्फ रास्ता निकाला, बल्कि उसकी गणना कर विजुअल रूप में भी दिखाया।

■ **पीएम मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम की वार्ता हुई; भारत-कतर पाँच साल में द्विपक्षीय कारोबार दोगुना कर 28 अरब डॉलर तक ले जाएंगे–**

18 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्द अल-थानी के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस दौरान भारत और कतर के बीच अहम साझेदारी से जुडे दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ। पीएम मोदी और कतर के अमीर ने हैदराबाद हाउस में कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। भारत और कतर अगले 5 साल में द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना कर 28 अरब डॉलर तक ले जाएंगे। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने पर भी सहमति जताई।

## Newspaper of 20 February, 2025

- **हाल ही में पूर्व ब्रिटिश पैरालिंपियन जॉन मैकफॉल (43) को अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने के लिए चुना गया है। वे अंतरिक्ष में जाने वाले पहले दिव्यांग बनेंगे। मैकफॉल एक ऑर्थोपेडिक सर्जन और पैरालंपिक पदक विजेता हैं।**
- **हाल ही में कैप्टन इशिता भार्गव को देश का पहला इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल लाइसेंस फॉर पायलट्स (ईपीएल) मिला है। चीन के बाद भारत यह लाइसेंस जारी करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। इससे कामर्शियल पायलट अब मोबाइल पर भी लाइसेंस रख सकेंगे।**

## Newspaper of 21 February, 2025

- **रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी; 6 मंत्रियों ने भी शपथ ली–**

20 फरवरी, 2025 को दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता ने शपथ ली। रामलीला मैदान में हुए इस शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहे। 50 वर्षीय रेखा गुप्ता शालीमार बाग से पहली बार विधायक बनी थीं। उनके साथ प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्रराज सिंह और पंकज सिंह ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली।

**मंत्रिमंडल में शामिल विधायक व उनके विभाग**

- **रेखा गुप्ता (मुख्यमंत्री)**–वित्त, महिला एवं बाल विकास विभाग।
- **प्रवेश वर्मा :** प्रमुख जाट चेहरा। पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के पुत्र। पीडब्ल्यूडी, विधायी मामले, जल, सिंचाई विभाग।
- **आशीष सूद :** पंजाबी समुदाय से। शिक्षा, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास मंत्री।
- **मनजिंदर सिंह सिरसा :** सिरसा सिख चेहरा होंगे। राष्ट्रीय सचिव हैं। खाद्य व आपूर्ति, वन, इंडस्ट्रीज मंत्री।
- **रविंद्र इंद्रराज सिंह :** एससी मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य। सोशल वेलफेयर, एससी-एसटी, सहकारिता मंत्री।
- **कपिल मिश्रा :** पूर्वांचली व ब्राह्मण चेहरा। जल, पर्यटन और संस्कृति विभाग मंत्री।
- **पंकज सिंह :** पूर्वांचली व राजपूत चेहरा। स्वास्थ्य, ट्रांसपोर्ट और आईटी मंत्री।

- **नई सरकार ने पहली कैबिनेट की बैठक में आयुष्मान योजना लागू की–**

दिल्ली की नई सीएम रेखा गुप्ता ने कैबिनेट की पहली बैठक ली। इसमें निम्न प्रस्तावों पर निर्णय लिए। **पहला**–दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू होगी। इसके तहत हेल्थ इंश्योरेंस के लिए 5 लाख रु. दिल्ली सरकार और 5 लाख रु. केन्द्र सरकार देगी। यानी अब 10 लाख रु. तक का मुफ्त इलाज हो सकेगा। **दूसरा**–कैग की 14 रिपोर्ट सदन में पेश करने के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी गई है। आप सरकार ने ये रिपोर्ट सदन में पेश नहीं की थी। सीएम रेखा ने कहा, दिल्ली की माताओं-बहनों को आर्थिक मदद ₹ 2500 की पहली किस्त 8 मार्च को देंगे।

- **काश पटेल एफबीआई डायरेक्टर बने; पहले भारतवंशी–**

हाल ही में अमेरिकी सीनेट ने भारतीय मूल के काश पटेल को एफबीआई (फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) के डायरेक्टर पद पर नियुक्ति की मंजूरी दे दी। ये एफबीआई डायरेक्टर का पद संभालने वाले पहले भारतवंशी होंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी काश पटेल को सीनेट में 47 के मुकाबले 51 वोट मिले। एफबीआई डायरेक्टर का कार्यकाल 10 साल का होता है, लेकिन राष्ट्रपति उन्हें हटा सकते हैं। 2017 में नियुक्त किस रे ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन का कार्यकाल खत्म होने पर इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले, हिन्दू नेता तुलसी गाबार्ड को नेशनल इंटेलिजेंस के डायरेक्टर का अहम पद मिल चुका है। तुलसी के नाम को भी सीनेट से मंजूरी मिल चुकी है।

- **पीएम केयर्स योजना के तहत अब मुफ्त कोचिंग; लाभार्थियों के लिए जाति और आय से संबंधित प्रतिबंध हटाए–**

हाल ही में केन्द्र सरकार ने पीएम केयर्स योजना के तहत आने वाले बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग प्रदान करने के लिए एक अपडेटेड योजना शुरू की है। नवीनतम अपडेट के तहत, पीएम केयर्स लाभार्थियों के लिए जाति और आय से संबंधित प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। योजना के तहत, जेईई, नीट, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए कोचिंग मिलेगी। इसके अलावा, बैंकों, बीमा कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की अधिकारी-ग्रेड भर्ती परीक्षाओं के लिए भी कोचिंग दी जाएगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

योजना के तहत हर साल कुल 3,500 छात्रों का चयन किया जाएगा। इनमें से 70% सीटें एससी छात्रों के लिए और 30% ओबीसी छात्रों के लिए आरक्षित होंगी। प्रत्येक श्रेणी में कुल सीटों का 30% महिला उम्मदवारों के लिए आरक्षित होगा। एससी और ओबीसी छात्रों के लिए पात्रता के लिए, उनके परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपए या उससे कम होनी चाहिए। आवेदकों को अपनी पिछली बोर्ड परीक्षाओं में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने चाहिए।

## Newspaper of 23 February, 2025

- **हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रिंसिपल सेक्रेटरी-2 नियुक्त किया गया है। गौतरलब है कि शक्तिकांत दास भारत के जी-20 शेरपा और 15वें वित्त आयोग के सदस्य के रूप में भी काम कर चुके हैं।**
- **देश का सबसे बड़ा निजी सेटेलाइट अक्टूबर में लॉन्च होगा–**

आइआइटी मद्रास के पूर्व छात्र (alumnae) द्वारा शुरू किया गया स्पेसटेक स्टार्टअप गैलेक्साई इस साल अक्टूबर में मुख्य सेटेलाइट के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। यह देश का सबसे बड़ा निजी सेटेलाइट होगा। स्टार्टअप के सह संस्थापक प्रणित मेहता ने बताया कि यह सेटेलाइट इमेज खींचेगा जिसका उपयोग रक्षा एवं कृषि के क्षेत्र में किया जा सकेगा। यह दुनिया में कहीं से भी इमेज लेने में सक्षम होगा। अभी सौ लोगों की टीम इस पर काम कर रही है। इसमें इंफोसिस समेत चार से पाँच कंपनियों ने निवेश किया है।

**विभिन्न उद्योगों में सहायक**

सेटेलाइट से खींची गई तस्वीरें पर्यावरण निगरानी, आपदा प्रबंधन, कृषि, शहरी नियोजन और बुनियादी ढाँचा विकास एवं रख रखाव, रक्षा और खुफिया निगरानी में सहायक होंगी।

**बादलों में भी इमेज लेने में सक्षम**

यह सेटेलाइट दुनिया के अन्य सेटेलाइट से अलग होगा। इसमें कैमरे एवं रडार इस प्रकार लगाए जाएंगे जो बादलों एवं रात के समय में भी इमेज ले सकेंगे। यही नहीं इसका वजन भी सामान्य सेटेलाइट से अधिक करीब 150 किलोग्राम होगा।

## Newspaper of 25 February, 2025

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के भोपाल में 'इन्वेस्ट एमपी-ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' का उद्घाटन किया; समिट के पहले दिन मध्यप्रदेश सरकार को 22.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले–**

24 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के भोपाल में इन्वेस्ट एमपी-'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा अवसर आया है, जब पूरी दुनिया भारत के प्रति आशावादी है। हमें अवसर गंवाना नहीं है। विश्व बैंक ने विश्वास जताया है कि भारत आने वाले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मोदी ने कहा कि पिछले दशक में ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इन 10 सालों में लगभग 70 बिलियन डॉलर (6 लाख करोड़ रुपये) का निवेश नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हुआ है। 10 लाख से अधिक नौकरियाँ उत्पन्न हुई। भविष्य में 3 सेक्टर्स टेक्सटाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी की बहुत बड़ी भूमिका रहने वाली हैं। ये करोड़ों नौकरियाँ पैदा करेंगे।

**22.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, इनसे 13 लाख रोजगार पैदा होंगे।**

समिट के पहले दिन मध्यप्रदेश सरकार को 22.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इनमें अदाणी ग्रुप का 2.10 लाख करोड़, रिलायंस का 60 हजार करोड़, आदित्य बिरला ग्रुप का 15 हजार करोड़, पंतजलि का 5 हजार करोड़ रुपये का निवेश है। इनसे 13.43 लाख रोजगार पैदा होने का दावा है। सर्वाधिक 3.71 लाख करोड़ का निवेश रिन्यूएबल एनर्जी में आएगा। मध्यप्रदेश, रेलवे को 2.15 रुपये/यूनिट में सबसे सस्ती बिजली देगा।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के भागलपुर से किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की–**

24 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के भागलपुर से किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के 22 हजार करोड़ रुपये देश के 9.8 करोड़ किसानों के खातों में जारी किए।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा ₹ 6000 तीन किश्तों में प्रतिवर्ष किसानों को सम्मान निधि के तौर पर दिए जाते हैं। राजस्थान में राज्य सरकार द्वारा ₹ 3000 अतिरिक्त जोड़कर ₹ 9000 किसानों को दिए जा रहे हैं।

## Newspaper of 26 February, 2025

- **हाल ही में चेन्नई स्थित आईआईटी मद्रास में देश का पहला हाइपरलूप रेल ट्रैक बनकर तैयार हुआ है। 422 मीटर लम्बे इस ट्रैक पर अब 1000 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हाइपरलूप कोच का ट्रायल रन होगा। हाइपरलूप की मदद से 350 किमी. की दूरी सिर्फ 30 मिनट में तय कर सकते हैं।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 27 February, 2025

- **अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की स्थायी नागरिकता चाहने वालों के लिए 'गोल्ड कार्ड' नाम का नया निवेशक वीजा कार्यक्रम शुरू करने का ऐलान किया; ₹ 44 करोड़ का निवेश करो, स्थायी नागरिकता लो–**

**'गोल्ड कार्ड' दो हफ्ते में होगा लॉन्च मौजूदा ईबी-5 वीजा की जगह लेगा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की स्थायी नागरिकता चाहने वालों के लिए 'गोल्ड कार्ड' नाम का नया निवेशक वीजा कार्यक्रम शुरू करने का ऐलान किया है। कार्यक्रम दुनियाभर के रईसों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। 'गोल्ड कार्ड' वीजा उसे मिलेगा, जो अमेरिका में 50 लाख डॉलर (करीब 44 करोड़ रुपए) का निवेश करेगा। नया कार्ड दो हफ्ते में लॉन्च किया जाएगा। यह मौजूदा ईबी-5 वीजा की जगह लेगा। अमेरिका में पिछले 35 साल से लागू वीजा पॉलिसी में यह बड़ा बदलाव है।

अमेरिका में रहते हुए वहाँ की नागरिकता का इंतजार कर रहे भारतीयों के लिए नई वीजा नीति बड़ा झटका है। भारतीयों को 50 साल से ज्यादा समय से ग्रीन कार्ड बैकलॉग का सामना करना पड़ रहा है। इनमें इंजीनियर, डॉक्टर और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञों समेत लाखों कर्मचारी शामिल हैं।

**मौजूदा ईबी-5 वीजा में प्रावधान–**ईबी-5 वीजा 1990 में अमेरिकी कांग्रेस ने विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया था। यह वीजा उन लोगो के लिए था, जो कम-से-कम 10 लाख डॉलर (करीब 8.3 करोड़ रुपए) किसी ऐसी कंपनी में निवेश करते हैं, जो 10 लोगों को रोजगार देती हो। ईबी-5 वीजा प्रोग्राम को यूएस सिटीजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआइएस) मैनेज करता है।

## Newspaper of 28 February, 2025

- **27 फरवरी, 2025 को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने चेन्नई एयरपोर्ट पर 'उड़ान यात्री कैफे' का उद्घाटन किया। अब चेन्नई एयरपोर्ट पर टी-1 घरेलू टर्मिनल पर शुरू किए गए कैफे में 10 रुपए में पानी की बोतल, 10 रुपए में चाय, 20 रुपए में कॉफी, समोसा और मिठाई का नाश्ता मिलेगा। इस पहल का देशभर में विस्तार किया जाएगा। पूर्व में यह योजना कोलकाता एयरपोर्ट पर संचालित है।**

- **27 फरवरी, 2025 को केन्द्र सरकार के वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का नया चैयरमेन नियुक्त किया गया है। 1987 बैच के आईएएस अधिकारी तुहिन कांत पांडे तीन साल की अवधि के लिए सेबी प्रमुख का पद संभालेंगे। उनकी नियुक्ति पद संभालने के बाद तीन वर्ष या अगले आदेश तक के लिए होगी। तुहिन कांत पांडे वर्तमान सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच का स्थान लेंगे।**

- **केन्द्रीय कैबिनेट ने वक्फ बिल को मंजूरी दी, 14 संशोधन स्वीकार किए–**

हाल ही में केन्द्रीय कैबिनेट ने 14 बदलावों के साथ वक्फ बिल को मंजूरी दे दी है। 19 फरवरी को हुई कैबिनेट बैठक में इस पर मुहर लगाई गई। बिल में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन, संचालन और निगरानी के लिए महत्त्वपूर्ण सुधार प्रस्तावित हैं। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण (10 मार्च से 4 अप्रैल) में सरकार इसे पेश कर सकती है। इससे पहले 13 फरवरी को वक्फ बिल पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। 27 जनवरी को जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा की गई थी। इसमें एनडीए के सांसदों के 14 संशोधनों को मंजूर किया गया था। वहीं, विपक्ष के संशोधनों को खारिज कर दिया गया था।

**इन 14 बदलावों पर मुहर लगाई गई–**

1. बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की जगह।
2. महिला प्रतिनिधित्व भी होगा।
3. वक्फ संपत्तियों के दावों के लिए अनिवार्य सत्यापन प्रक्रिया होगी।
4. देखरेख में डीएम की भागीदारी बढ़ेगी।
5. बोर्ड की शक्तियाँ सीमित होंगी।
6. संपत्ति डिजिटलीकरण होगा।
7. बेहतर ऑडिट प्रणाली होगी।
8. अवैध कब्जे की रोकथाम होगी।
9. सरकार सभी सदस्य नामित कर सकेगी।
10. न्यायाधिकरण की शक्तियाँ बढ़ेंगी।
11. संपत्तियों के अनधिकृत हस्तांतरण पर कड़ी सजा होगी।
12. वरिष्ठ अधिकारी सीईओ बन सकेंगे।
13. रिकॉर्ड का कम्प्यूटरीकरण होगा।
14. बोर्ड संरचना में बदलाव होगा।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**50 वर्षों** से आपका विश्वसनीय

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

### कैलाश नागौरी की शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित हिन्दी की प्रसिद्ध पुस्तकें बाजार में उपलब्ध



### संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें



संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।**

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com